मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 03/10/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-546/2025
03 अक्टूबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
================================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने विशेष शाखा के हवलदार श्री दिलीप तिर्की को उनकी सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित।

================================

कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विशेष शाखा के हवलदार श्री दिलीप तिर्की की सेवानिवृत्ति के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने श्री तिर्की को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं छाता भेंट कर उनके समर्पण और निष्ठा से किए गए लंबे सेवाकाल की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हवलदार दिलीप तिर्की का कार्यकाल अनुकरणीय रहा है। उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की सेवा की है। ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री दिलीप तिर्की 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। लगभग 40 वर्षों की सेवा अवधि में उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और ईमानदारी से विभाग एवं राज्य की सेवा की। वर्ष 2000 से वे मुख्यमंत्री आवास में तैनात रहे और निरंतर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

###
============
#Team PRD CMO